ई–मेल

पत्रांकः– EST-265/8/2026-SEC_2 2559

बिहार सरकार

मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार
सरकार के संयुक्त सचिव,
बिहार, पटना।

सेवा में,

विभाग (मुख्यालय) में पदस्थापित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी,
सभी सहायक निबंधन महानिरीक्षक,
सभी जिला अवर निबंधक,
सभी अवर निबंधक,
सभी उपायुक्त मद्यनिषेध,
सभी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध,
सभी अधीक्षक मद्यनिषेध,
सभी रसायन परीक्षक,
प्रभारी पदाधिकारी सभी ग्रुप सेंन्टर।

पटना, दिनांकः–16.04.26

विषयः–विभागीय स्तर पर स्व–गणना (Self- Enumeration) सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि भारत की जनगणना, 2027 के प्रथम चरण–मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य बिहार राज्य में दिनांक–02 मई, 2026 से 31 मई, 2026 तक सम्पन्न किया जाना है। इस जनगणना की प्रमुख विशेषता यह है कि यह पूर्णतः डिजिटल माध्यम से सम्पन्न की जायेगी तथा नागरिकों के लिए स्व–गणना (Self- Enumeration) की सुविधा दिनांक–17 अप्रैल, 2026 से 01 मई, 2026 तक उपलब्ध करायी गयी है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि se.census.gov.in पोर्टल पर स्व–गणना (Self-Enumeration) करते हुए अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उक्त कार्य किये जाने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

16.4.2026

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner